# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात के मेहसाणा में श्री के. के. पटेल और श्रीमती मधुबेन के. पटेल नर्सिंग कॉलेज के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया

यह नर्सिंग कॉलेज निरंतर 65 वर्षों से नर्सिंग शिक्षा में अहम भूमिका निभा रहा है

लेक्चर रूम, प्रयोगशाला, पुस्तकालय और कार्यालय जैसी सुविधाओं से युक्त यह भवन क्षेत्र के युवाओं को सहज व सुलभ चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराएगा

देश में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी आयुष्मान भारत योजना लाए, देश में आज 60 लाख लोगों के पास आयुष्मान कार्ड है

मोदी सरकार का प्रयास है कि हर गरीब को उसके घर के पास ही उचित स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध हो

2014 से पहले देश का स्वास्थ्य बजट 37 हज़ार करोड़ रुपए का था, मोदी जी ने इसे बढ़ाकर वर्ष 2025-26 में 1 लाख 37 हजार करोड़ रुपए कर दिया

वर्ष 2014 में देश में सिर्फ सात AIIMS और 387 मेडिकल कॉलेज थे, आज 23 AIIMS और 780 मेडिकल कॉलेज हैं


# जन औषधि योजना के तहत पिछले 10 वर्ष में नागरिकों को 25 हजार करोड़ रुपए की सस्ती दवाई उपलब्ध कराई गई

प्रविष्टि तिथि: 18 MAY 2025 6:40PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात के मेहसाणा में श्री के. के. पटेल और श्रीमती मधुबेन के. पटेल नर्सिंग कॉलेज के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि श्री के. के. पटेल और श्रीमती मधुबेन के. पटेल नर्सिंग कॉलेज निरंतर 65 वर्षों से नर्सिंग शिक्षा में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि लेक्चर रूम, प्रयोगशाला, पुस्तकालय और कार्यालय जैसी सुविधाओं से युक्त यह भवन क्षेत्र के युवाओं को सहज व सुलभ चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराएगा।




श्री अमित शाह ने कहा कि देश में पहले कमजोर रही स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी आयुष्मान भारत योजना लेकर आए। इस योजना के लागू होने के बाद अब देश में हर गरीब नागरिक के पास आयुष्मान कार्ड है, जिसके जरिए वह पाँच लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज करा सकता है। उन्होंने कहा कि अब हर अस्पताल को आयुष्मान भारत योजना के मानकों के अनुरूप बनाया जा रहा है।




केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने राज्य के अस्पतालों से अपील की कि वे अपने अस्पताल को आयुष्मान भारत योजना के मानकों के अनुरूप बनाएं ताकि आम जन और अस्पताल प्रबंधन दोनों को लाभ हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि हर गरीब को उसके घर के पास ही उचित स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध हो।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2014 से 2025 तक देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज 60 लाख लोगों के पास आयुष्मान कार्ड है। भारत में 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक नागरिक के लिए पाँच लाख रुपए तक के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था की गई है और इसके लिए लाभार्थी की इनकम की कोई तय सीमा नहीं है। श्री शाह ने कहा कि मोदी जी ने स्वच्छ भारत मिशन, फिट इंडिया मूवमेंट, हर घर जल, हर घर में शौचालय, मिशन इन्द्रधनुष के जरिए हर बच्चे का टीकाकरण, पोषण अभियान और आयुष्मान भारत योजना से देश के आरोग्य क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने का प्रयास किया है।



केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 2014 से पहले देश का स्वास्थ्य बजट 37 हजार करोड़ रुपए का था, मोदी जी ने इसे बढ़ाकर वर्ष 2025-26 में 1 लाख 37 हजार करोड़ रुपए कर दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र के बजट में वृद्धि करके प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने नेशनल डिजिटल हेल्थ इकोसिस्टम खड़ा किया, आयुष्मान भारत योजना शुरू की और आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए। श्री शाह ने कहा कि वर्ष 2014 में देश में सिर्फ सात AIIMS थे, आज 23 AIIMS हैं। वर्ष 2014 में 387 मेडिकल कॉलेज थे, जो अब बढ़कर 780 हो चुके हैं। पहले MBBS की 51 हजार सीटें थीं, आज इनकी संख्या बढ़कर 1 लाख 18 हजार हो चुकी है। पहले PG/MD/MS की सीटें 31 हजार थीं, जो अब बढ़कर 74 हजार हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र के पूरे इकोसिस्टम के साथ टेली-मेडिसिन सुविधा बढ़ाई गई। प्रधानमंत्री जी ने जन औषधि योजना को प्रभावी बनाया, जिसके कारण पिछले 10 वर्ष में नागरिकों को 25 हजार करोड़ रुपए की सस्ती दवाई उपलब्ध कराई गई है।

श्री अमित शाह ने कहा कि आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत 730 बड़े पब्लिक हेल्थ इंस्टॉलेशन और तहसील स्तर के 3382 पब्लिक हेल्थ इंस्टॉलेशन बनाए गए हैं। सारी उपलब्धियों को समग्र रूप में देखें तो भारत के 130 करोड़ नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए गुजरात के सुपुत्र श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बहुत बड़ा अभियान चलाया है।

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि आज जिस नर्सिंग कॉलेज का उद्घाटन हुआ है, वह 3700 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला है और इस संस्थान में बीएससी नर्सिंग सहित नर्सिंग संबंधी लगभग सारे पाठ्यक्रम शुरू हो चुके हैं। महिला छात्रावास का काम भी प्रगति पर है। कैंसर अस्पताल की स्थापना पर भी जल्द काम शुरू होने की संभावना है, जिससे आगामी दिनों में इस क्षेत्र के लोगों, विशेष रूप से गरीब नागरिकों को बहुत लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि दान से शुरू हुए अस्पताल को चलाने और इसे अत्याधुनिक बनाने की जिम्मेदारी समाज की है।

****

**RK/VV/RR/PR/PS**

(रिलीज़ आईडी: 2129467)
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English